# संभाग पोस्ट

साप्ताहिक

RNI: MPHIN/2015/60688

जिलों से संभाग तक का सच

email:sambhagpost@gmail.com

वर्ष-9 | अंक-33 | प्रति मंगलवार, इंदौर, 13 जनवरी 2026 से 19 जनवरी 2026 | | मूल्य- 2 रु. | पृष्ठ-8


# वोट के समय गौ माता...

## सत्ता के बाद उपेक्षा क्यों..?



## देपालपुर-हातोद गौशाला में 15-20 गायों की मौत...

## भाजपा सरकार की संवेदनहीनता का परिणाम...









## मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत

**इंदौर । संभाग पोस्ट**

इंदौर जिले के देपालपुर–हातोद स्थित नगर निगम की गौशाला में एक ही दिन में 15 से 20 गायों की मौत ने मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार की तथाकथित 'गौ-भक्ति' की असलियत उजागर कर दी है। ठंड, भूख और इलाज के अभाव में बेज़ुबान गौ माता की मौतें सरकार और प्रशासन की घोर लापरवाही का प्रमाण हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव राकेश सिंह यादव ने कहा कि भाजपा गाय के नाम पर वोट मांगती है, लेकिन सत्ता में आते ही गौशालाओं में गायों को मरने के लिए छोड़ दिया जाता है। यदि सरकारी गौशालाओं में भी गाय सुरक्षित नहीं हैं तो यह पूरे सिस्टम की विफलता है। कांग्रेस के पूर्व महासचिव यादव ने कहा कि गौशाला में हुई मौतें सामान्य घटना नहीं बल्कि प्रशासनिक हत्या हैं। नगर निगम, पशुपालन विभाग और गौशाला प्रबंधन की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल निलंबित कर एफआईआर दर्ज की जाए।

उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि—

- देपालपुर–हातोद गौशाला की उच्चस्तरीय स्वतंत्र जांच कराई जाए।
- मृत गायों का पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।
- प्रदेश की सभी गौशालाओं का आपात निरीक्षण कराया जाए।



**राकेश सिंह यादव**
**पूर्व महासचिव**
**मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी**

राकेश सिंह यादव ने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में प्रदेश की सभी गौशालाओं में तिरपाल, शेड, अलाव, पर्याप्त चारा, गर्म पानी व 24 घंटे पशु चिकित्सक की व्यवस्था अनिवार्य की जाए ताकि आगे कोई भी गौ माता मौत का शिकार न बने। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को बताना होगा कि वोट के समय गौ माता और सत्ता के बाद उपेक्षा क्यों? क्या सत्ता मिलते ही गायें भाजपा के लिए महत्वहीन हो जाती हैं.?

## सुविचार

एक समय में एक काम करो , और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमे डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ

## संपादकीय

# निकट आते पाक-बांग्लादेश

बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के गठन के बाद से पाकिस्तान के साथ उसकी नजदीकी तो बढ़ ही रही है, दोनों देशों को निकट लाने में चीन की बड़ी भूमिका भी देखने वाली है, जो बांग्लादेश में चीन की बढ़ती पैठ के बारे में बताती है. विगत अगस्त में पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने ढाका में मोहम्मद यूनुस और विदेश मामलों के सलाहकार से मुलाकात की थी. इस बीच दोनों देशों के बीच व्यापार शुरू हुआ है और दोनों ने सार्क को पुनर्गठित करने की भी मांग की है, जबकि पाकिस्तान की संदिग्ध भूमिका के कारण ही सार्क की प्रासंगिकता खत्म हुई. चीन की मध्यस्थता में न सिर्फ पाकिस्तान-बांग्लादेश की बैठक हुई, बल्कि पाक विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह चीन और बांग्लादेश के साथ त्रिपक्षीय सहयोग फ्रेमवर्क को आगे बढ़ाना जारी रखेगा. अलबत्ता पाकिस्तान-बांग्लादेश के बीच रक्षा संबंध जिस तरह बढ़ रहा है, वह भारत के लिए चिंताजनक है. पिछले साल दोनों देशों की थलसेना, वायुसेना और नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों की कई बैठकें हुई हैं, जिनमें प्रशिक्षण लेने, क्षमता बढ़ाने और पेशेवर आदान-प्रदान से जुड़े कई सहमति पत्रों पर दोनों देशों ने दस्तखत किये हैं. इसके अलावा बांग्लादेश के वायुसेना प्रमुख ने अपने हालिया इस्लामाबाद दौरे में पाकिस्तान से जेएफ-17 ब्लॉक-3 लड़ाकू विमान खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है. पाकिस्तान और बांग्लादेश आपसी रक्षा समझौते पर न सिर्फ काम कर रहे हैं, बल्कि इसके लिए उन्होंने एक संयुक्त तंत्र बनाया है. यह समझौता पाकिस्तान-सऊदी अरब समझौते की तरह होगा, जिसमें एक देश पर होने वाले हमले को दूसरे देश पर भी हमला माना जाएगा. यही नहीं, आसिम मुनीर की तरह बांग्लादेश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार खलीलुर रहमान भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के चहेते बनना चाहते हैं. अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि उनका देश गाजा में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल में शामिल होने के लिए सैद्धांतिक रूप से तैयार है. अमेरिकी अधिकारियों का भी कहना था कि वे इस मामले में बांग्लादेश के साथ मिल कर काम करने के इच्छुक हैं. हालांकि गाजा में पाक शांति सेना भेजने के मामले में विवाद है. जहां पाकिस्तान के अंदर सेना भेजे जाने का विरोध हुआ है, वहीं इस्राइल भी पाक सेना के स्थिरीकरण बल में शामिल होने को लेकर सहज नहीं है. लेकिन गाजा में सेना भेजने के प्रति बांग्लादेश की उत्सुकता से यह तो साफ है कि पाकिस्तान की तरह वह भी अमेरिकी समर्थन पाने का इच्छुक है.

आपका अपना विश्वसनीय अखबार...
हमेशा आपके साथ
संभाग पोस्ट
आप हमसे अपनी समस्याओं को सांझा कर सकते हैं
बगैर किसी खौफ के विडियो, फोटो,
दस्तावेज के माध्यम से हमारे वाट्सअप नम्बर पर
और संभाग पोस्ट के पाठक सदस्य भी बन सकते हैं...
एक वर्ष की सदस्यता लेने पर
अखबार फ्री... तीन विज्ञापन फ्री...
पाठक सदस्यता आईडी कार्ड फ्री...
न्यूज चैनल पर एक एड फ्री....
सम्पर्क 9009919948

# समाजवादी पार्टी ने किया कैलाश विजयवर्गीय के बंगले का घेराव

## विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव का तत्काल इस्तीफा और मृतकों के परिजनों को 50 लाख मुआवजा दिए जाने की मांग





**इंदौर । संभाग पोस्ट**

भागीरथपुरा में दूषित पानी से हो रही लगातार मोतों के खिलाफ समाजवादी पार्टी ने अभियान शुरू किया है। भोपाल में कैलाश विजयवर्गीय के बंगले के घेराव के बाद आज इंदौर में किला मैदान स्थित विजयवर्गीय के बंगले का घेराव किया गया । इस घेराव और प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा. मनोज यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष रामबाबू अग्रवाल , प्रदेश महासचिव रामस्वरूप मंत्री शाहिद प्रदेश के विभिन्न पदाधिकारियों ने किया।प्रदर्शन में पार्टी के प्रदेश के कोने-कोने से आए कार्यकर्ताओं ने हिस्सेदारी की।

सुदर्शनकारी बड़ा गणपति चौराहे पर सुबह से ही एकत्रित होना चालू हो गए थे यहां से जुलूस बनाकर जिंसी चौराहा होते हुए वीरांगना लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक तक पहुंचे । पार्टी की मांग है कि भागीरथपुरा की घटना के लिए कैलाश विजय की पूर्ण रूप से उत्तरदाई है और उन्हें तत्काल इस्तीफा देना चाहिए साथ ही इंदौर नगर निगम भी अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल रही है इसलिए महापौर को भी इस्तीफा देना चाहिए पार्टी की मांग है कि भागीरथपुरा की घटना में सभी सत्रह मृतको के परिजनों को 50 लख रुपए तथा बीमारी को ?500000 मुआवजा दिया जाए साथ ही संपूर्ण घटना की न्यायिकजच तथा घटना के दोषी के खलाफ हत्या का मुकदमा चलाया जाए। प्रदर्शन में सर्वश्री राजेंद्र यादव, बटेश्वर नाथ सिंह ,मोहम्मद अली सिद्दीकी, लालू यादव, लीलाधर चौधरी चंद्रसेन निमोंकर, कमलेश परमार,जी के यादव ,अमन यादव, अजय यादव, दीपक पांचाल ,मनोज हार्डिया , चंदन सिंह मकवाना , किरण गोरे,महेंद्र गौरे, सहित रीवा सीधी सतना देवास उज्जैन रतलाम मंदसौर नीमच झाबुआ अलीराजपुर जिलों के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भागीदारी की।

### लक्ष्मी बाई प्रतिमा पर पुलिस बेरीकेड

टिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक लिया। पुलिस के साथ कार्यकर्ताओं की खूब झूमा झटकी हुई। कई कार्यकर्ता गिर भी गए और उन्हें चोटे भी आई बाद में वही सड़क पर समाजवादी पार्टी ने विरोध में धरना दिया। धरना स्थल पर ही डॉक्टर मनोज यादव, बाबूलाल पहलवान, दिनेश पांडे, रामबाबू अग्रवाल, रामस्वरूप मंत्री, राधेश्याम पवार, लीलाधर चौधरी, राजेंद्र यादव ,बटेश्वर नाथ सिंह सहीत कई वक्ताओं ने संबोधित करते हुए चेतावनी दी कि यदि कैलाश विजयवर्गीय का इस्तीफा नहीं होता है तो समाजवादी पर्टी इस आंदोलन को प्रदेश व्यापी बनाकर सरकार को बर्खास्त करने की मांग करेगी।

# साकेत क्षेत्र में निकली शोभायात्रा, हिन्दू सम्मेलन सम्पन्न

## संतों ने समाज जागरण का कार्य किया, महामण्डलेश्वर श्रीराम गोकुल दास जी, चिन्मयानंद सरस्वती जी एवं जैन संत डॉ. राजेश मुनि ने किया धर्म सभा को संबोधित... मनीष तिवारी की भजन संध्या एवं राष्ट्रीय कवि राम भदावर का हुआ काव्य पाठ



**इंदौर । संभाग पोस्ट**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आयोजित हिन्दू सम्मेलन मे आज शहर के पाश क्षेत्र साकेत नगर एवं आसपास के क्षेत्रों मे भगवान श्रीराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। एवं शाम को धर्म सभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय कवि राम भदावर ने ओजस्वी धारा की कविताएँ सुनाई। उन्होंने सुनाया कि 'मैं हिन्दुओं को जगाने आया हूँ।' बौद्धिक में महामण्डलेश्वर श्रीराम गोकुल दास जी, चिन्मयानंद सरस्वती जी एवं जैन संत डॉ. राजेश मुनि ने किया धर्म सभा को संबोधित किया। इसके बाद भजन गायक मनीष तिवारी के भजनों का आनंद धर्मप्रेमी जनता ने लिया। आयोजन के मुख्य संयोजक प्रवीण मुरारका, अजय गुप्ता, संजय अग्रवाल, विकास बम, अरविंद गुप्ता, डॉ. नारायण बियाणी, पराग साने, चन्द्रेश गुप्ता, नवीन तिवारी, दीपक पाटीदार, सचिन पाटीदार, प्रशांत अग्रवाल आदि ने यात्रा को सफल बनाने मे सहयोग दिया।

### शोभायात्रा का स्थान-स्थान पर हुआ भव्य स्वागत

शोभायात्रा साकेत क्षेत्र के प्रमुख मार्गो से पत्रकार कॉलोनी, शंकर नगर, चंद्रलोक कॉलोनी, मनीषपुरी, बैकुंठधाम इत्यादि से निकलकर साकेत गार्डन में पहुँची। शोभायात्रा मे बड़ी संख्या मे सभी वर्ग के श्रद्धालुओ ने भाग लिया स्थानीय रहवासियों द्वारा जगह जगह स्वागत किया गया एवं श्रीराम जी की आरती उतारी गयी।



संभाग पोस्ट


[ महानगर पोस्ट ]


प्रत्येक मंगलवार
इंदौर, 13 जनवरी से 19 जनवरी 2026



**पुलिस कमिश्नर इंदौर द्वारा प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विक्रय/भंडारण में लिप्त 02 बदमाशों को विभिन्न शर्तों के अधीन निर्बंधन सहित, आपराधिक गतिविधियों में लिप्त कुल 10 शातिर बदमाशों के विरुद्ध, किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी..**


# 03 कुख्यात बदमाशों को जिलाबदर कर, किया गया इंदौर व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमा से निष्कासित


मनीष अग्रवाल (चाइनीज मांझा)


इरफान


समीर मेव (चाइनीज मांझा)


रोहित धनगर


तनवीर

## 07 अन्य बदमाशों के विरुद्ध निर्बन्धन आदेश जारी कर, थाना हाजरी होने के लिए किया गया पाबंद...बदमाश आदतन अपराधी है, जिनके विरुध्द पूर्व से पंजीबध्द है- विभिन्न धाराओं के कई गंभीर अपराध।

**इंदौर । संभाग पोस्ट**

इदौर नगरीय क्षेत्र मे अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा सक्रिय गुंडे बदमाशों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस आयुक्त द्वारा संबांधित जोन के पुलिस अधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन पर कार्यवाही करते हुए 03 कुख्यात बदमाशों को जिलाबदर तथा 07 अन्य शातिर बदमाशो को थाना हाजरी के लिए निर्बन्धन आदेश जारी किया है। जिसमें विशेष रूप से मानव जीवन व पशु/पक्षियों के लिए घातक प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विक्रय/भंडारण में लिप्त 02 बदमाशों के निर्बंधन आदेश कर विभिन्न शर्तो के अधीन पाबंद किया गया है। आदतन बदमाश जो कि आपराधिक प्रवृत्ति के होकर इनके द्वारा क्षेत्र में लगातार आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा था। इन अपराधियों के विरुध्द विभिन्न गंभीर धाराओं के कई अपराध शहर के विभिन्न थानों में पंजीबद्ध है। बदमाशों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के उपरांत भी इनके द्वारा लगातार अपराध कारित कर आम लोगो की शांति भंग कर क्षेत्र की लोक व्यवस्था भंग की जा रही थी। उक्त बदमाशो की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु बदमाशों के विरुद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत कार्यवाही हेतु इनके प्रकरणों के प्रतिवेदन को श्रीमान पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरणों की जांच एवं विचारण उपरांत पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा उक्त 03 बदमाशों --

1. इरफान उर्फ इफ्तेखार उर्फ बाबू टिपिया उम्र 36 वर्ष निवासी 146 ग्रीन पार्क कॉलोनी थाना चदंन नगर इंदौर (अवधि - 01 वर्ष)

2. तनवीर उर्फ तन्नू उर्फ मसूदी पिता अब्दूल गनी उम्र 25 वर्ष निवासी 167 हीना पैलेस कॉलोनी थाना खजराना इंदौर ( अवधि - 06 माह)

3. रोहित पिता विक्रम धनगर उम्र 20 साल निवासी 748/19 मेघदूत नगर थाना हीरानगर इंदौर ( अवधि - 06 माह)

उक्त तीनो बदमाशों को निर्धारित अवधि के लिए जिला इंदौर (नगरीय एवं देहात) एवं उससे लगे सीमावर्ती जिलो की सीमाओं के लिये प्रतिबंधित करने हेतु जिलाबदर आदेश जारी किया गया है। इसके साथ ही आदतन बदमाशों की आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए, पुलिस कमिश्नर इंदौर द्वारा उक्त 07 बदमाशों को निर्बंधन आदेश से प्रतिबंधित किया है-

1. मनीष पिता कन्हैयालाल अग्रवाल उम्र 38 साल निवासी ईएस 03 स्कीम न 78 थाना लसुडिया इंदौर, को विभिन्न गंभीर अपराधों के साथ प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विक्रय/भंडारण पर, आरोपी को- (अवधि 06 माह)

2. समीर उर्फ सोनू पिता अकील मेव उम्र 21 साल निवासी मेवाती मोहल्ला इंदौर थाना चदंन नगर को विभिन्न गंभीर अपराधों के साथ प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विक्रय/भंडारण पर, आरोपी को- (अवधि 06 माह)

3. सलमान पिता अब्दुल सईद कुरैशी उम्र 30 साल निवासी 11 नम्बर लालगली थाना परदेशीपुरा इंदौर (अवधि-01 वर्ष)

4. रवि उर्फ काला पित राजू सितोले उम्र 31 साल, निवासी राहुल गांधी नगर थाना भवंरकुआ इंदौर को (अवधि-01 वर्ष)

5. मोहित उर्फ बिट्टू पिता प्यारेलाल नरवले उम्र 28 साल निवासी म न 28 जोशी मोहल्ला थाना जूनी इंदौर। (अवधि-01 वर्ष)

6. राहुल पिता रामलाल सोलंकी उम्र 32 साल, निवासी 457 भवानी नगर थाना बाणगंगा इंदौर (अवधि-06 माह)

7. अमन उर्फ लाला उर्फ ऋषिराज पिता सियाराम चंदले उम्र 25 साल निवासी- 540 न्यू गौरी नगर थाना हीरानगर इंदौर (अवधि-06 माह)

उक्त निर्बन्धन आदेश की शर्तों के तहत बदमाशों को- निर्धारित समय अवधि पर संबंधित थाने देना होगी हाजिरी। अवैधानिक गतिविधियों में नही रहेंगे संलिप्त। शहर में लोकशांति को भंग करने का नही करेंगे कोई कार्य, आदि प्रतिबंधात्मक शर्ते लगाई गई है। बदमाशो द्वारा उक्त निर्बन्धन आदेश की शर्तों का यदि उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। उक्त प्रकरणों पर शासन की ओर से पैरवी एडीपीओ श्री अजय प्रताप बुंदेला द्वारा की गई।

# 'मौत का फंदा' है ये सिंथेटिक मांझा

**इंदौर । संभाग पोस्ट**

**शहर में पिछले दो महीनों में जानलेवा चायनीज मांझे के कारण दो लोगों की मौत हो गई है और 11 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से चार की गर्दन में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने इस संबंध में 45 लोगों को गिरफ्तार किया है और पांच को जिलाबदर किया है, फिर भी सिंथेटिक मांझे से होने वाली मौतों को पुलिस प्रशासन की लापरवाही का नतीजा माना जा रहा है। यातायात पुलिस ने नागरिकों को प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खतरों के प्रति सचेत करने के लिए एक सतर्कता अभियान चलाया है, जिसमें दोपहिया चालकों को फुल फेस हेलमेट पहनने और गले में स्कार्फ बांधने की सलाह दी गई है।**

### ठेकेदार की मांझा फंसने से मौत

ओम विहार कॉलोनी निवासी 48 वर्षीय ठेकेदार रघुवीर धाकड़ की गर्दन में फंसा मांझा सिंथेटिक निकला, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस को मौके पर मिली पतंग में धागा लिपटा हुआ मिला, जिसका एक हिस्सा धाकड़ की गर्दन में फंसा था। अधिकारियों द्वारा धागा तोड़ने की कोशिश करने पर भी वह नहीं टूटा, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि मांझा चाइनीज नहीं, सिंथेटिक है। हालांकि, इसकी फोरेंसिक जांच करवाई जाएगी।

### आठवीं के छात्र की हुई थी मौत

इससे पहले, 30 नवंबर को कनाड़िया बायपास पर ओमेक्स सिटी निवासी आठवीं के छात्र गुलशन की चाइनीज मांझे से गर्दन कटने के कारण मौत हो गई थी, जिसमें उनके साथी अरुण भी घायल हो गए थे। शहर में अब तक चाइनीज मांझे के कारण 11 हादसे हो चुके हैं।

### इंदौर में 35 केस दर्ज

एडिशनल डीसीपी (अपराध) राजेश दंडोतिया के अनुसार, पुलिस चाइनीज मांझे की खरीदी-बिक्री को लेकर अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि 35 केस दर्ज किए गए हैं और 50 से ज्यादा लोगों को आरोपित बनाया गया है। इसके साथ ही गोदाम और दुकानें भी सील की गई हैं।

## चाइनीजा मांझे से रहे सतर्क व सावधान...




मकर संक्रांति पर्व को देखते हुए लोगों द्वारा पतंग उड़ाई जाएगी, जिसमें कतिपय लोगों द्वारा ऐसे मांझे का भी उपयोग किया जा सकता है जिससे दुर्घटना की संभावना रहती है, अतः कुछ सावधानियां जरूर अपनाएं -

दो पहिया वाहन चलते समय आगे अपने छोटे बच्चों को बिल्कुल ना बैठाएं।

अपने वाहन की गति बहुत न्यूनतम रखें।

गले की सुरक्षा हेतु गले में मफलर/रुमाल या किसी गर्म कपड़े से गले को ढक कर रखें।

आओ हम अपनी जिम्मेदारी निभाएं, चाइनीज मांझे को बिल्कुल न अपनाएं

# इंदौर में जहरीले पानी से २१ वीं मौत, किडनी इंफेक्शन से गई सुनीता की जान! ४ अब भी वेंटिलेटर पर

■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**

भागीरथपुरा क्षेत्र में जहरीले पानी और बीमारी ने एक और जान ले ली। शनिवार को इस मामले में 21वीं मौत की पुष्टि हुई। फर्जी वाली गली निवासी सुनीता वर्मा (49) पति सतीष वर्मा की एमवाय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्हें 6 जनवरी को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के बावजूद उनकी हालत में सुधार नहीं हो सका और शनिवार दोपहर उन्होंने दम तोड़ दिया।

### दूषित पानी से किडनी में इंफेक्शन

परिजन के मुताबिक दूषित पानी के सेवन से उनकी किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचा था। महिला के बेटे विकास ने बताया कि इलाज के दौरान डॉक्टरों ने किडनी डैमेज की पुष्टि की थी। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारणों को लेकर आधिकारिक स्थिति स्पष्ट होगी।

### भागीरथपुरा में मरीजों की संख्या घटने लगी

भागीरथपुरा से थोड़ी राहत की बात यह है कि अब नए मरीजों की संख्या में धीरे-धीरे कमी देखी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार को ओपीडी में डायरिया के 15 नए मरीज पहुंचे, जिनमें से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें भर्ती किया गया। अब तक इस पूरे मामले में कुल 414 मरीज अस्पताल में भर्ती किए गए थे जिनमें से 369 मरीजों को स्वस्थ होने के बाद छुट्टी दे दी गई है।

### ११ आईसीयू, ४ वेंटीलेटर पर, ४५ अब भी भर्ती

वर्तमान स्थिति की बात करें तो फिलहाल विभिन्न अस्पतालों में 45 मरीज भर्ती हैं। इनमें से 11 मरीज आईसीयू में इलाजरत हैं, जबकि चार मरीजों की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है और वे वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। डॉक्टरों के अनुसार इन मरीजों को किडनी और लिवर से जुड़ी गंभीर समस्याओं के साथ-साथ मल्टी ऑर्गन फेल्योर जैसी जटिलताएं भी सामने आ रही हैं।

### वेंटीलेटर पर सभी बुजुर्ग, पहले से भी बीमारियां

डॉक्टरों ने बताया कि जो चार मरीज पिछले करीब एक सप्ताह से वेंटिलेटर पर हैं, उनमें अधिकांश बुजुर्ग हैं और कुछ मरीज पहले से ही अन्य बीमारियों से ग्रस्त थे। ऐसी स्थिति में उनका इलाज और भी चुनौतीपूर्ण हो गया है। मेडिकल स्टाफ पूरी सतर्कता के साथ उपचार में जुटा हुआ है और हर स्तर पर निगरानी रखी जा रही है।

### प्रशासन लगातार बनाए निगरानी





इधर, हालात की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर भी लगातार समीक्षा की जा रही है। शनिवार देर शाम अपर मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी नीरज मंडलोई और इंदौर जिले के प्रभारी अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन की मौजूदगी में एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भागीरथपुरा क्षेत्र की मौजूदा स्थिति, मरीजों के इलाज, पानी की आपूर्ति व्यवस्था और आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

### हाई लेवल मीटिंग में यह मौजूद थे

इस बैठक में इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल सहित स्वास्थ्य और नगर निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल रहे। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त न की जाए।

---

# शराब पीने में इंदौर ने बनाया रिकॉर्ड, प्रदेश में रहा अव्वल, सरकार ने कमाए 3700 करोड़

■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**

**स्वच्छता और अन्य नागरिक सुविधाओं में देश भर में कीर्तिमान स्थापित करने वाला इंदौर शहर अब शराब की खपत के मामले में भी मध्य प्रदेश में पहले पायदान पर आ गया है। वर्ष 2025 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार इंदौर के नागरिकों ने शराब की खरीदारी के सभी पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। इस अवधि के दौरान शहर में कुल 6.17 करोड़ लीटर शराब की बिक्री दर्ज की गई है जिसकी कुल बाजार कीमत 3731 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। इस भारी बिक्री से जहां एक ओर मदिरा प्रेमियों ने रिकॉर्ड बनाया है वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार के राजस्व खजाने में भी बड़ी राशि जमा हुई है।**

### आबकारी विभाग की वार्षिक रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे हुए

आबकारी विभाग द्वारा तैयार की गई ताजा सांख्यिकीय रिपोर्ट के अनुसार 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2025 के मध्य इंदौर जिले




में कुल 6 करोड़ 17 लाख 22 हजार 561 लीटर मदिरा की खपत हुई है। यदि इसकी तुलना पिछले वर्ष से की जाए तो वर्ष 2024 में यह आंकड़ा 6 करोड़ 14 लाख 67 हजार 738 लीटर दर्ज किया गया था। इस प्रकार बीते एक वर्ष में शराब की कुल बिक्री में 2 लाख 54 हजार 823 लीटर का इजाफा हुआ है। विभाग ने इस आंकड़े में देसी मदिरा, विदेशी मदिरा और बियर की सभी श्रेणियों को शामिल किया है।

### चार वर्षों में खपत के ग्राफ में भारी उछाल

भले ही पिछले एक साल में वृद्धि का प्रतिशत महज 0.41 रहा हो लेकिन पिछले चार वर्षों के तुलनात्मक आंकड़े बेहद हैरान करने वाले हैं। वर्ष 2021 के दौरान शहर में शराब की कुल बिक्री केवल 3.55 लाख लीटर के करीब थी जो वर्ष 2025 तक आते-आते 6.17 करोड़ लीटर तक पहुंच गई है। चार वर्षों के इस अंतराल में शराब की मांग में लगभग 73.5 प्रतिशत की भारी वृद्धि देखी गई है जो शहर की बदलती जीवनशैली और बढ़ती आबादी की ओर संकेत करती है।

### देसी शराब की मांग में आई गिरावट

एक दिलचस्प रुझान यह भी सामने आया है कि इंदौर में अब देसी शराब के शौकीन कम हो रहे हैं। वर्ष 2025 में देसी शराब की बिक्री 1.48 करोड़ लीटर रही है जबकि वर्ष 2024 में यह 2.08 करोड़ लीटर थी। एक साल के भीतर ही इसकी बिक्री में 60 लाख लीटर की कमी आई है जो लगभग 29 प्रतिशत की गिरावट दर्शाती है। यह पिछले चार वर्षों का सबसे न्यूनतम स्तर है जिससे यह स्पष्ट होता है कि उपभोक्ताओं का रुझान अब अन्य श्रेणियों की ओर बढ़ रहा है।

## जरूरी आंकड़े...

**■६.१७ करोड़ लीटर शराब की कुल बिक्री इंदौर में वर्ष २०२५ के दौरान दर्ज की गई है। ■३७३१ करोड़ रुपये से अधिक की कुल राशि इंदौर के नागरिकों ने शराब खरीदने में खर्च की। ■७३.५ प्रतिशत की भारी वृद्धि पिछले चार वर्षों में शराब की कुल खपत में देखी गई है। ■६० लाख लीटर तक देसी शराब की बिक्री में वर्ष २०२४ की तुलना में गिरावट आई है। ■३.३० करोड़ लीटर बियर की खपत के साथ यह सबसे अधिक बिकने वाली श्रेणी बनी है। ■१४०८ करोड़ रुपये का राजस्व विभाग ने केवल ९ महीने के भीतर ही प्राप्त कर लिया है। ■९,९८९ प्रकरण अवैध शराब और अन्य नियमों के उल्लंघन के मामले में दर्ज किए गए हैं।**

### बियर और विदेशी शराब की लोकप्रियता बढ़ी

देसी मदिरा के विपरीत विदेशी शराब और बियर की मांग में जोरदार तेजी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2025 में 1.39 करोड़ लीटर विदेशी शराब और सर्वाधिक 3.30 करोड़ लीटर बियर की खपत हुई है। पिछले साल की तुलना में विदेशी शराब की बिक्री में 8 प्रतिशत और बियर की बिक्री में 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बियर की मांग में 52.25 लाख लीटर का बड़ा उछाल आया है जो युवाओं और शहरी आबादी के बीच इसकी बढ़ती पसंद को दर्शाता है।

### १७३ दुकानें, १४९ बार-होटल-रेस्टोरेंट और क्लब को अनुमति

इंदौर जिले में वर्तमान में शराब की कुल 173 अधिकृत दुकानें संचालित हो रही हैं। इसके अतिरिक्त शहर के विभिन्न हिस्सों में 149 बार, रेस्टोरेंट, होटल और क्लब मौजूद हैं जहां मदिरा परोसने की वैधानिक अनुमति है। सैन्य और अर्धसैनिक बलों की कैंटीन को मिलाकर जिले में कुल 325 चिन्हित स्थानों से शराब की आपूर्ति की जा रही है। इन्हीं केंद्रों के माध्यम से करोड़ों लीटर शराब की निकासी सुनिश्चित हुई है।

### राजस्व संग्रहण और आबकारी विभाग की कार्रवाई

सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी के अनुसार वर्ष 2025 में मदिरा की खपत से सरकार को बड़े स्तर पर राजस्व प्राप्त हुआ है। केवल अप्रैल से दिसंबर के नौ महीनों के भीतर ही विभाग ने 1408 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाया है। राजस्व प्राप्ति के साथ-साथ विभाग ने अवैध शराब के कारोबार पर भी नकेल कसी है। इस दौरान अनियमितताओं के खिलाफ कुल 9,989 प्रकरण दर्ज किए गए हैं और लगभग 59,620 लीटर अवैध शराब जब्त कर कड़ी कार्रवाई की गई है।

### सीएम मोहन यादव सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में हुए शामिल, बोले-

# नशे से दूर रहें, व्यायाम करें

**■ भोपाल । संभाग पोस्ट**

स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर सोमवार को युवा दिवस मनाया जा रहा है. इस मौके पर मध्य प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. राजधानी भोपाल के सुभाष एक्सीलेंस स्कूल में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में सीएम मोहन यादव शामिल हुए. उन्होंने यहां स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ सूर्य नमस्कार किया. योगाभ्यास और प्राणायाम भी किया. मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में नशे से दूर रहने की सलाह दी है.



### 'आधे घंटे जरूर व्यायाम करें'

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि आज के अवसर पर जब मैं पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता की बात करता हूं तो ऐसे में पेड़ लगाएं. पानी बचाएं. नशे से दूर रहें. प्रतिदिन आधे घंटे जरूर व्यायाम करें. एक खेल कोई भी जो आपको पसंद हो वो जरूर खेलें. संतुलित आहार का सेवन करें, जंक फूड शरीर को विकृति की ओर ले जाते हैं. महिला, बच्चों और बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए.

उन्होंने आगे कहा कि व्यक्तिव्य के साथ चरित्र निर्माण भी करें. अपनी भावनाएं परिवार और दोस्तों से साझा करें. हताशा से नहीं आशा से भरे हों. तकनीक का संवेदना के साथ इस्तेमाल किया जाए. स्वामी विवेकानंद ने युवा शक्ति के माध्यम से हमारे साथ राष्ट्र भक्ति के संदर्भ को जोड़ा है. भारत की संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम पर आधारित है. हम सबके समय की अवधि बाबा महाकाल ने नियत की है. ना ये कोई बढ़ा सकता है, ना घटा सकता है लेकिन इस लंबे सफर में हम प्रत्येक दिन और पल आनंद से जिए.

### 'सूर्य से समूची सृष्टि में ऊर्जा का संचार होता है'

सूर्य नमस्कार के बारे में सीएम ने कहा कि सूर्य से समूची सृष्टि में ऊर्जा का संचार होता है. योग और सूर्य नमस्कार हमारे जीवन को उत्कृष्टता की ओर ले जाने का मार्ग हैं. सीएम के अलावा इस कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, महापौर मालती राय समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए.

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर प्रदेश स्तरीय विवेकानंद गौरव अलंकरण सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर कर्मवीर स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट ओर इंदौर सेवा ट्रस्ट द्वारा प्रदेश स्तरीय विवेकानंद गौरव अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन कीमती गार्डन, धार रोड, इंदौर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 51 कर्मवीरों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुनील ठाकुर, नरेंद्र वर्मा, हर्षल चौहान एवं सन्नी जैसवाल को उनके उल्लेखनीय सामाजिक योगदान एवं जनसेवा के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुमित मिश्रा (नगर अध्यक्ष), माला ठाकुर दीदी, योगेन्द्र महंत (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त), बाबूलाल बंजारा (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) सहित प्रकाश मानावत, अनंत महंत, प्रतीक श्रीवास्तव एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद ओर राजमाता जिजाऊ जी के विचारों को आत्मसात करते हुए सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने का संदेश दिया। आयोजन में बड़ी संख्या में समाजसेवी, गणमान्य नागरिक एवं युवा उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा।



# संभाग पोस्ट सामाजिक दृढ़ता संकल्प अभियान

## अब आपकी आवाज होगी बुलंद लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के संग

आज के समाज में हम देख रहे हैं की शहरी परिवेश की बात करें या ग्रामीण परिवेश की आज के परिवेश में व्यक्ति अकेला पड़ता जा रहा है। आधुनिक तकनीकियों का इस्तेमाल करते-करते अपने आप को अकेला महसूस करता है , जब उसके ऊपर ऐसी कोई विपत्ति आती है की जब उसके परिवारजन या मित्र बंधु उसका साथ दे। तब वह पता है कि वह अकेला खड़ा है। यह आज के समाज का सत्य है। यह भारत के ७० प्रतिशत लोगों की सच्चाई है वह किसी भी प्रकार की समस्या में हो चाहे पारिवारिक या मानसिक, सामाजिक, प्रशासनिक या चिकित्सकीय हो ऐसी किसी भी समस्या में वह पाता है कि वह अकेला है। और यदि ऐसे मे किसी मोड़ पर कुछ व्यवधान उत्पन्न हो तब वह नीरस हो जाता है, और किसी न किसी प्रकार की गलती कर बैठता है । समाज की ऐसी सबसे बड़ी समस्या को लेकर हमने सामाजिक दृढ़ता संकल्प का अभियान चलाया है जिसके तहत हम उन सभी ऐसे लोगों के साथ खड़े हुए हैं जो हमसे जुड़ेंगे तथा वे लोग जो हमसे किसी न किसी प्रकार से जुड़े हुए हैं , हमारा प्रयास यह होगा कि ऐसी किसी भी समस्या में हम उनके साथ खड़े हो जिस जगह पर वह सही है और उन्हें व्यवधान,समस्या का सामना करना पड़ रहा है, ऐसी स्थिति में संभाग पोस्ट परिवार उनके साथ खड़ा है।

- समाज में एक कहावत प्रचलित है सत्य परेशान हो सकता है। पराजित नहीं हो सकता,
- ईश्वर की इसी प्रेरणा को हमारे मीडिया चैनल हमारे अखबार ने आत्मसात किया है और हम उन सभी समाज जनों के साथ खड़े हैं जिनके साथ सत्य है।
- ईश्वर सत्य का साथ देने वाले उनके अनुयायियों की सहायता करने स्वयं नहीं आते किंतु किसी न किसी माध्यम से सत्य का साथ दे रहे व्यक्ति की सहायता जरूर करते हैं।
- हम अपने आप को धन्य समझते हैं कि हमने यह मुहिम चलाई है जिसके तहत यदि आपके साथ सत्य है तो हम आपके साथ सदा खड़े हुए हैं
- हमारे चैनल और हमारे अखबार से जुड़े हुए सभी सदस्य गण जिनकी किसी भी प्रकार की परेशानी अब उनकी नहीं वह हमारी है।
- जब समाज दृढ़ होगा, सत्य की विजय होगी जब एकता और समान व्यवहार और ज्ञान होगा तब हमारा समाज एक नए भारत का दृढ़ निश्चय भारत का निर्माण कर पाएगा
- यदि आपका काम, स्वयं आप और आपका विचार, सत्य के साथ है तो वह आपका नहीं अपितु वह हमारा विचार होगा , क्योंकि आप भारत के चौथे स्तंभ मीडिया के साथ है
- अब आम आदमी की आवाज आम आदमी की नहीं अपितु उसके साथ हमारी भी आवाज होगी इसलिए आपसे निवेदन है कि हमारे साथ शीघ्र से शीघ्र जुड़े और अपनी आवाज को एक नया आयाम दें और अपने समाज को अपने परिवार को और अपने देश को सशक्त बनाएं
- हमारे साथ जुड़ने के लिए आपको कोई नया प्रयास नहीं करना केवल सामाजिक दृढ़ता संकल्प संभाग पोस्ट अभियान का एक फॉर्म भरना है



**विचार न कीजिए तुरंत संपर्क करें**
**क्योंकि दृढ़ होगा समाज तो सशक्त होगा भारत और खुशहाल होगा हमारा परिवार**
**सत्यम,शिवम्,सुंदरम। सत्यमेव जयते**
**भारत माता की जय वंदे मातरम**

# इंदौर में 773 करोड़ की लागत से बनेंगी एम.वाय. अस्पताल की 3 नई बिल्डिंग

## १४५० बिस्तर होंगे, मॉडर्न सुविधाओं से लैस होगा




**इंदौर । संभाग पोस्ट**

इंदौर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल, महाराजा यशवंत राव अस्पताल के नए भवन का डिज़ाइन जारी कर दिया गया है. लंबे समय से प्रतीक्षित इस परियोजना के सामने आने से शहर के लाखों मरीजों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है. नया एमवाय अस्पताल आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा और इसे नेशनल हेल्थ मिशन (NHM) की गाइडलाइंस के अनुरूप विकसित किया जाएगा.

**७७३ करोड़ की लागत आएगी**

प्रस्तावित नए एमवाय अस्पताल परिसर में कुल तीन अत्याधुनिक इमारतों का निर्माण किया जाएगा, जिनमें 1450 बेड की क्षमता होगी. इसके साथ ही अस्पताल स्टाफ और नर्सिंग कर्मियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 500 बेड का अलग नर्सिंग होस्टल भी बनाया जाएगा. इस पूरी परियोजना पर लगभग 773 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिसमें अस्पताल भवन के साथ-साथ नर्सिंग होस्टल का निर्माण शामिल है.

**सोइल टेस्टिंग शुरू हुई**

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, नए अस्पताल का लेआउट पूरी तरह फाइनल कर दिया गया है. निर्माण कार्य शुरू होने से पहले आवश्यक मिट्टी परीक्षण (सोइल टेस्टिंग) की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, ताकि भवन की मजबूती और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके. इसके साथ ही परिसर में मौजूद बाधक निर्माणों को हटाने का काम भी शुरू हो चुका है, जिससे निर्माण कार्य में किसी तरह की रुकावट न आए.

**मालवा-निमाड़ क्षेत्र का हेल्थ केयर हब बनेगा**

नया एमवाय अस्पताल मरीजों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है. इसमें आधुनिक ओपीडी ब्लॉक, हाई-टेक ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू, ट्रॉमा केयर यूनिट, इमरजेंसी सेवाएं, एडवांस डायग्नोस्टिक सुविधाएं और बेहतर इन-पेशेंट केयर की व्यवस्था होगी. अस्पताल की संरचना इस तरह तैयार की जाएगी कि मरीजों और उनके परिजनों को कम से कम असुविधा हो और इलाज की प्रक्रिया अधिक सुगम बने. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नया अस्पताल इंदौर ही नहीं, बल्कि पूरे मालवा-निमाड़ क्षेत्र के लिए एक हेल्थ केयर हब के रूप में विकसित होगा. वर्तमान में एमवाय अस्पताल पर मरीजों का अत्यधिक दबाव रहता है, जिसे नया परिसर काफी हद तक कम करेगा. आधुनिक सुविधाओं और बढ़ी हुई बेड क्षमता से गंभीर मरीजों को समय पर बेहतर इलाज मिल सकेगा. नए एमवाय अस्पताल के निर्माण को लेकर शहरवासियों और मेडिकल समुदाय में उत्साह है. माना जा रहा है कि यह परियोजना पूरी होने के बाद इंदौर की स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई दिशा देगी और सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर लोगों का भरोसा और मजबूत करेगी.

# दो दिवसीय सालाना दीनी तब्लीगी इज्तिमा का हुआ आयोजन



**खरगोन । संभाग पोस्ट**

शहर के मॉंगरुल रोड पर आयोजित दो दिवसीय सालाना दीनी तब्लीगी इज्तिमा का रविवार देर शाम सामूहिक दुआ के साथ समापन हुआ। इज्तिमा गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी सौहार्द का संदेश देने वाला रहा। जमात के अनवर तैबा ने बताया कि इज्तिमा में लगभग 20,हजार से अधिक लोगों की शिरकत रही। इस दौरान महाराष्ट्र से आए उलेमाओं ने तकरीरों के माध्यम से ईमान को मजबूत रखने, यकीन डगमगाने से बचने, गफलत में जीवन न बिताने, पांचों वक्त की नमाज अदा करने और जकात देने ओर इमान के साथ जिंदगी बिताने का संदेश दिया। रविवार रात करीब 10 बजे सामूहिक दुआ के साथ इज्तिमा का विधिवत समापन हुआ। बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ उठाकर खुदा से अमन-चैन और भाईचारे की दुआ मांगी। इज्तिमा के समापन के बाद जमातों की रवानगी का सिलसिला भी शुरू होगा। दुआ और नमाज के दौरान इतनी भीड़ रही कि लोगों ने जहां जगह मिली, वहीं खड़े होकर नमाज अदा की और दुआ में शामिल हुए। इज्तेमा में खास यह रहा कि लोग अपना कारोबार छोड़कर बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इज्तेमा में पंहुचे थे ।आयोजन को सफल बनाने के लिए पुलिस प्रशासन की भी अच्छी व्यवस्था रही वहीं ट्राफीक के लिए वायलेंटरनो भी दिन भर व्यवस्था संभालने रहे ।इस दौरान समापन अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात एएसपी बिट्टू सहगल, थाना प्रभारी बी.एल. मंडलोई, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि नाइक एवं समाजसेवी राजू चावला , श्याम महाजन सहित अन्य लोगों काअनवर तैबा काकु भाई ने शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मान भी किया गया।

APPLIED FORENSIC SCIENCE LABORATORY
Email: afslindore23@gmail.com Mobile No: +91 9366381689 +91 9977649317
SERVICES
- Handwriting Examination.
- Signature Examination.
- Fingerprint Examination.
- Deleted Data Recovery from Mobile Phones, Hard Drive.
- Laptop, Desktop Computer, Pen drive.
- Complete Examination of Digital Instrument i.e. Mobile.
- phones, Laptop, Desktop Computers, in case of Hacking.
- Voice Analysis and Voice Comparison.
- Examination of Alteration in any Documents.
- Examination of Erased Writing.
- Examination of Audio Clips and Video Clips.
- Preparation of Fingerprint Records for Corporate Offices.
- Examination of Arson Cases.
- DNA Examination for Paternity and Maternity.
- Forensic Consultancy.
- Forensic Investigation of Insurance Claims.
- Property Investigation.
- Crime Scene Investigation.
- Audio Transcription.
FORENSIC EXPERT
Rakesh Mia +91 93663 81689
Vijay Panchal +91 9977649317
Head Office: Applied Forensic Science Laboratory, 8/1, 2nd foor, Moti Tabela, Near Collectorate Office, Indore, MP, 452007
Branch Office: Chandra Forensic Science lab, Chandigarh/New Delhi









# डॉ. नेहा शर्मा को प्रबंधन विषय में पी.एच.डी मिली

■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**



अर्नी विश्वविद्यालय, कांगड़ा ( हि.प्र) में शोधरत नेहा शर्मा ( इंदौर) को प्रबंध विषय में पी.एच.डी की उपाधि (डिग्री) मिली। नेहा शर्मा ने 'ऐन एनालिटिकल स्टडी ऑफ डिजिटल एडवरटाइज़िंग ट्रेंड्स ऐंड देयर इंफ्लुएंस ऑन मॉडर्न कस्टमर बिहेवियर' 'An Analytical Study of Digital Advertising Trends and their Influence on Modern Consumer Behaviour' विषय पर अपना शोधकार्य डॉ. उमेश शर्मा (प्रोफेसर, प्रबंध एवं वाणिज्य संकाय, अर्नी विश्वविद्यालय) एवं डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी (प्रोफेसर एवं समूह निदेशक-ऑक्सफोर्ड इंटरनैशनल कॉलेज, इंदौर के निर्देशन एवं सह-निर्देशन में पूर्ण किया। अर्नी विश्वविद्यालय द्वारा नेहा शर्मा (इंदौर) को पीएचडी की उपाधि मिलने पर सभी परिवारजन मित्रों ने डॉ. नेहा शर्मा को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

# एमपी में खेती को फायदेमंद बनाने के लिए 16 विभाग मिलकर करेंगे काम, चना-सरसों के लिए रिसर्च सेंटर बनेंगे

■ **भोपाल । संभाग पोस्ट**

मध्य प्रदेश सरकार ने साल 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' घोषित किया है. सीएम मोहन यादव ने इसका औपचारिक ऐलान रविवार (11 जनवरी) को किया. पूरे साल किसानों के कल्याण से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जाएंगी. भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री ने कहा कि एमपी एकमात्र राज्य है, जहां बीते सालों के प्रयासों से खेती का रकबा ढाई लाख हेक्टेयर तक बढ़ गया है और किसानों के कल्याण के लिए गतिविधियां चलेंगी.



### 16 विभाग मिलकर काम करेंगे

खेती और किसानों से जुड़ी गतिविधियों में मध्य प्रदेश सरकार के 16 विभाग जुटेंगे. पूरे राज्य में अलग-अलग गतिविधियां संचालित की जाएंगी. कृषि से संबंधित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी दी जाएगी. कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए काम किया जाएगा. इसके साथ ही किसानों की आय को दोगुना करने के लिए विभाग काम करेंगे. अनुसंधान, इनोवेशन के माध्यम से कृषि सशक्तिकरण की दिशा में काम किया जाएगा. युवाओं को भी खेती से जोड़ा जाएगा. कृषि पर्यटन से गांवों में नये रोजगार और पहचान के अवसर पैदा होंगे. खेती के साथ डेयरी, पशुपालन, मत्स्य पालन और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर्स समेत फल, सब्जी, मसाला और औषधीय फसलों के उत्पादन को भी मजबूती से बढ़ावा देंगे.

इसके साथ ही कृषि पर आधारित स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाएगा. मेगा फूड पार्क, एग्री प्रोसेसिंग क्लस्टर और लॉजिस्टिक अधोसंरचना को मजबूत किया जाएगा. कृषि अपशिष्ट से ऊर्जा बनाने के लिए कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट (CBG) की स्थापना की जाएगा. 'एमपी ग्लोबल एग्री ब्रांडिंग' और 'एग्री-हैकाथॉन' जैसी इनोवेशन एक्टिविटी पर फोकस किया जाएगा.

### तीन नए रिसर्च सेंटर बनाए जाएंगे

कृषि क्षेत्रों में रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए तीन नए रिसर्च सेंटर बनाए जाएंगे. डिंडौरी में श्रीअन्न (मिलेट्स), ग्वालियर में सरसों और उज्जैन में चना अनुसंधान केंद्र बनाया जाएगा. मई महीने में नर्मदापुरम में आम महोत्सव, अक्टूबर-नवंबर महीने में फूड फेस्टिवल आयोजित किए जाएंगे. नरसिंहपुर में गन्ना महोत्सव होगा.

# शहर में पागल कुत्ते का आतंक

## छह से अधिक लोगों को किया घायल, शिकायत के बाद भी निगम बेपरवाह

■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**

इंदौर में रविवार को एक पागल कुत्ते ने 6 से ज्यादा लोगों को काट लिया। नादिया नगर, एलआईजी कॉलोनी, शिवशक्ति नगर और संजय नगर के रहवासियों को काटकर उसने घायल कर दिया। कुत्ता इतना हिंसक हो गया कि उसने लोगों को काफी गहरे जख्म कर दिए। बच्चों और बुजुर्गों को बचाने के प्रयास में कई रहवासी उस कुत्ते का शिकार हो गए। कुत्ते ने कई वाहन चालकों को भी काटने का



प्रयास किया और वे भी गिरते गिरते बचे। रहवासियों के मुताबिक इन सभी क्षेत्रों में कुत्तों का बहुत अधिक आतंक है। वे पहले भी दो बार नगर निगम को लिखित में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। आज भी लोगों ने घटना के बाद सूचित किया तो बताया कि टीम सोमवार को आएगी। उधर, बाद में हिंसक कुत्ता घायल स्थिति में देखा गया लेकिन फिर उसका पता नहीं चला। लोगों ने बताया कि यहां काफी समय से कुत्तों ने आतंक मचा रखा है। इनमें से एक कुत्ता रविवार सुबह अजीब हरकत करने लगा। कुत्ता पागल होकर लोगों पर लपकने लगा। पहले तो दो-तीन बाइक सवारों को उसने काटने की कोशिश की, लेकिन वो रफ्तार के साथ निकल गए। बाद में उसने पैदल निकलने वालों पर हमला कर दिया और कई लोगों को काटकर घायल कर दिया।
























# इंदौर में कोष्टी समाज के रजत जयंती समारोह में गूंजा एकता का स्वर, जनगणना में 'कोष्टा-कोष्टी' दर्ज कराने का महा-आह्वान






## इंदौर में भव्यता के साथ संपन्न हुआ कोष्टी समाज का 25वाँ युवक-युवती परिचय सम्मेलन

### राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेश कुमार कोष्टा ने दिया सशक्त, शिक्षित और संगठित समाज का मंत्र

■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**

**संस्कार, संस्कृति और आधुनिकता के संगम के साथ श्री कोष्टी समाज महानगर, इंदौर का 25वाँ रजत जयंती युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार को गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन न केवल रिश्तों को जोड़ने का माध्यम बना, बल्कि समाज की एकता और प्रगतिशील सोच का एक सशक्त दस्तावेज साबित हुआ।**

ऐतिहासिक क्षण और गरिमामयी उपस्थिति इस भव्य समारोह में कोष्टा-कोष्टी महासंघ के राष्ट्रीय नेतृत्व ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेश कुमार कोष्टा रहे। उनके साथ राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी श्री दिलीप वर्मा, संस्थापक सदस्य श्री पूनमचंद कोल्हटकर एवं केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री राजेश लिखार ने मंच साझा कर समाज के युवाओं का उत्साहवर्धन किया।

महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव एवं संयोजक श्री शैलेन्द्र कुमार परेता ने अपने शुभकामना संदेश में इंदौर इकाई के इस प्रयास को अन्य शहरों के लिए अनुकरणीय बताया।

जनगणना को लेकर समाज को दिया बड़ा संदेश अपने ओजस्वी संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेश कुमार कोष्टा ने समाज को एक सूत्र में पिरोने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी राष्ट्रीय जनगणना को समाज के अस्तित्व और शक्ति प्रदर्शन का बड़ा अवसर बताते हुए कहाः

'हमें अपनी पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना है। इसके लिए आवश्यक है कि जनगणना के समय हम सभी अपनी जाति के कॉलम में केवल 'कोष्टा' (खर्ड्ूं) अथवा 'कोष्टी' (ख्देपू) ही दर्ज कराएँ। यही हमारी वास्तविक संख्या और राजनीतिक शक्ति का आधार बनेगा।'

आयोजन की सफलता के सूत्रधार इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में श्री कोष्टी समाज महानगर, इंदौर की पूरी टीम ने दिन-रात एक कर दिया। कार्यक्रम की सफलता का श्रेय अध्यक्ष श्री दिलीप हेड़वे, श्री कल्याण देवांग, श्री नरेन्द्र श्रीवंश और श्री ताराचंद झाँसीवाला के कुशल नेतृत्व को जाता है।

साथ ही, नवीन गलकर,आनंद खटके, विनोद निमजे, मनोहर चौहान, गोपाल हेड़ाऊ, दिपेश वर्मा, मयंक कानोड़िया, अजय हिड़ऊ, हर्षद खटके और पप्पू कानोड़िया सहित समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से यह रजत जयंती समारोह समाज के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया।

कोष्टा-कोष्टी महासंघ ने इस सफल आयोजन के लिए इंदौर इकाई का आभार व्यक्त करते हुए इसे समाज के लिए गौरव का क्षण बताया है।




कार्यालय पताः 201, दूसरी मंजिल, इंदौर प्रेस क्लब परिसर, एम.जी. रोड, (जिला न्यायालय के सामने), इंदौर (म.प्र.),
स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक नवीन गलकर द्वारा अपनी दुनिया प्रिंटर्स, 13 प्रेस काम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-119, वीणा नगर, सुखलिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादकः नवीन गलकर, मो. 9009919948